प्रादेशिक समाचार
दिनांक–12.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत योजना के विस्तार को दी मंजूरी, 70 वर्ष से अधिक आयु के छह करोड़ लोग होंगे लाभान्वित।
- भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी रांची पहुंचे, बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले पर राज्य सरकार को घेरा, विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी पदाधिकारियों के साथ करेंगे बैठक।
- केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पोषण माह को सफल बनाने की अपील की, कुपोषण को मात देने के लिए जन–जागरुकता और सामूहिक प्रयास पर दिया जोर।
- झारखंड हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के खिलाफ दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर करने के मामले में आरोप बरकरार रखा, अब ट्रायल कोर्ट में होगी मामले की सुनवाई।
- झारखंड ने जीता नेशनल सॉफ्ट बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब, चतरा की रुपाली राज ने ताइक्वांडो की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक।

*******************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज देने को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी।

*******************

विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा नेताओं का झारखंड दौरा लगातार जारी है। इस सिलसिले में झारखंड भाजपा के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी आज रांची पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में फिर राज्य सरकार पर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए को पूर्ण बहुमत प्राप्त होगा। श्री वाजपेयी आज प्रदेश मुख्यालय में पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगे और विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

*******************

इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया है कि भाजपा विकास के नाम पर जनता को दिग्भ्रमित कर रही है लेकिन उसकी साजिश को कामयाब नहीं होने दिया जायेगा। गोड्डा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता भाजपा को सबक सिखायेगी।

*******************

भाकपा माले के केन्द्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा है कि झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर गठबंधन के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर मंथन जारी है। धनबाद के मैथन में आयोजित पार्टी केन्द्रीय कमिटी की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा की साजिश विफल करने के लिए गठबंधन के सभी दलों को एकजुट रहने की जरुरत है।

*******************

झारखंड समेत देशभर में पोषण माह को लेकर कई जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कुपोषण को मात देने में सामूहिक प्रयास और जागरुकता पर जोर दिया है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट से राज्य ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने दुमका सिविल कोर्ट द्वारा चार्ज फ्रेम किये जाने को चुनौती दी थी। याचिका खारिज होने के बाद अब ट्रायल कोर्ट इस मामले की सुनवाई शुरू करेगा। दरअसल साल 2018 में दुष्कर्म की शिकार हुई एक बच्ची की तस्वीर अस्पताल से वायरल होने के मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ अदालत ने संज्ञान लिया था। इस मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा थाना में केस दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि विधायक इरफान अंसारी के मोबाइल से बच्ची का फोटो वायरल हुआ।

*******************

झारखंड प्रशासनिक संघ, झासा ने अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन की घोषणा की है। इसके तहत वे आज काला बिल्ला लगाकर अपना विरोध जता रहे हैं। संघ की अध्यक्ष रंजीता हेम्ब्रम ने कहा कि वे लोग कल तक काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे। इसके बाद भी अगर सरकार ने उनकी मांगों पर विचार नहीं किया तो आंदोलन को लेकर आगे की रणनीति तय की जायेगी। उन्होंने सरकार पर राज्य प्रशासनिक पदाधिकारियों की उपेक्षा का आरोप लगाया।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने सिंगल बेंच के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें राज्य सरकार को नगर निकाय चुनाव शीघ्र कराने का निर्देश दिया गया है। निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने सिंगल बेंच के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी है।

*******************

जमशेदपुर में एसडीओ पारुल सिंह ने नशीली दवाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने टेल्को आजाद मार्केट स्थित एक मेडिकल स्टोर में छापेमारी कर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाइयां जब्त की है। एसडीओ ने बताया कि दवा दुकानदार को हिरासत में ले लिया गया है। एसडीओ ने बालू के अवैध उठाव को रोकने के लिए बारीडीह बस्ती नदी घाट पर भी छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने आठ ट्रकों को जब्त किया है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले में जिला प्रशासन द्वारा जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

*******************

22वें नेशनल सॉफ्टबॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में झारखंड की टीम चैंपियन बनी है। उत्तर प्रदेश के मथुरा में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल में झारखंड की टीम ने महाराष्ट्र को शिकस्त दी। इस टीम में कोडरमा के चार खिलाड़ी शामिल थे। खिताब जीतकर लौटने पर कोडरमा में टीम के सदस्यों का शानदार स्वागत किया गया।

*******************

इधर, चतरा के मयूरहंड की ढोढी गांव की रूपाली राज वर्मा ने आगरा में आयोजित नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया है। इससे पहले रूपाली ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया था।

*******************